




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 12 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 101 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# संसद में सांसों के संकट पर सवाल

## राहुल गांधी ने उठाया प्रदूषण का मुद्दा : बच्चों का भविष्य खतरे में, बुजुर्गों का जीना मुश्किल

● इस कठिनाई से निपटने के लिए सरकार के पास अगले चार-पांच साल का क्या रोडमैप है?



**नई दिल्ली।** लोकसभा विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार (12 दिसंबर) को सदन के अंदर वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद में भारत में बिगड़ते वायु प्रदूषण पर तत्काल और व्यवस्थित बहस की मांग की है। इसी के साथ उन्होंने केंद्र सरकार से प्रदूषण की चुनौती से निपटने पर सवाल भी पूछा। राहुल गांधी ने सवाल करते हुए कहा कि इस कठिनाई से निपटने के लिए सरकार के पास अगले चार-पांच साल का क्या रोडमैप है? राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा कि हमारे अधिकांश प्रमुख शहर जहरीली हवा की चादर में लिपटे हुए हैं। लाखों बच्चे फेफड़ों की बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। लोगों को कैंसर हो रहा है। बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि इस मुद्दे पर मुझे यकीन है कि सरकार और हमारे बीच पूरी सहमति होगी। यह कोई सोच का मुद्दा नहीं है। इस सदन में हर कोई इस बात से सहमत होगा कि वायु प्रदूषण, और इससे हमारे लोगों को हो रहे नुकसान, एक ऐसा मुद्दा है जिस पर हम सहयोग करना चाहेंगे।' राहुल गांधी ने अपने बयान में आगे कहा, 'मुझे लगता है कि बेहतर होगा कि हम चर्चा को इस तरह से आगे बढ़ाएं कि हम यह न कहें कि आपने क्या नहीं किया और आप यह न कहें कि हमने क्या नहीं किया, बल्कि सीधे इस बात पर ध्यान दें कि हम भविष्य में भारत की जनता के लिए क्या करने जा रहे हैं, हमें कौन से कदम उठाने होंगे। इसलिए, मेरा मानना है कि यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या हम एक-दूसरे पर दोषारोपण करने के बजाय, इस एक मुद्दे पर, जिस पर हम सहमत हैं, कोई असहमति नहीं है, यह कहने का प्रयास कर सकते हैं कि, चलिए, भारत की जनता के भविष्य के बारे में बात करते हैं।' वहीं लोकसभा के बाहर मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि दिल्ली का और बड़े शहरों का जो प्रदूषण है उस पर मैंने बात की। ये एक ऐसा विषय है जिसमें सभी पार्टियां सहमत हो सकती हैं कि हमारा भविष्य, हमारे बच्चों का नुकसान हो रहा है, लोगों को कैंसर हो रहा है, बीमारियां हो रही हैं। मैंने सदन में सुझाव दिया कि हमें सदन में प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए और दूसरे तरह से चर्चा करनी चाहिए। इस विषय पर हमें एकमत होना चाहिए कि हम भविष्य की बात करेंगे और इस समस्या को हल कैसे किया जाए उस पर चर्चा करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि विशेषज्ञों की भी राय लेंगे और हम देश को दिखाएंगे कि हम प्रदूषण के विषय पर एक साथ काम कर सकते हैं। बताते चलें कि कल गुरुवार को भी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का मुद्दा गुरुवार को संसद में उठाया गया था। वायु प्रदूषण पर गंभीर चिंता जताते हुए विपक्षी सांसदों ने सरकार को घेरा। बीजद सांसद मानस रंजन मंगराज ने राज्यसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए दिल्ली में हर साल होने वाले प्रदूषण को मानव निर्मित आपदा करार दिया। वहीं, लोकसभा में कांग्रेस सदस्य मणिकम टैगोर ने कहा कि दिल्ली का दम घुट रहा है। हवा की खराब गुणवत्ता के कारण राजधानी में लाखों लोग खतरे में हैं। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। सरकार क्या कर रही है? जवाब में सरकार ने कहा कि दुनिया में प्रदूषण की कोई आधिकारिक रैंकिंग नहीं है। पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्यसभा में बताया कि कई संगठनों की ओर से जारी की जाने वाली रैंकिंग, जैसे आईक्यूएयर वर्ल्ड एयर क्वालिटी रैंकिंग, डब्ल्यूएचओ एयर क्वालिटी डाटाबेस, एनवायरनमेंटल परफॉर्मेंस इंडेक्स और ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज किसी भी अधिकृत अंतरराष्ट्रीय तंत्र का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की वायु गुणवत्ता गाइडलाइंस बाध्यकारी नहीं हैं, बल्कि सलाह के तौर पर जारी की जाती है। देशों को अपने भूगोल, पर्यावरणीय हालात और राष्ट्रीय जरूरतों के हिसाब से मानक तय करने होते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत 12 प्रमुख प्रदूषकों के लिए राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक (एनएएक्यूएस) पहले ही अधिसूचित कर चुका है। इसके अलावा, सरकार हर साल स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के जरिये 130 शहरों का मूल्यांकन और रैंकिंग करती है।

### सरकार इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार

राहुल गांधी के सुझाव पर प्रतिक्रिया देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और लोकसभा की व्यापार सलाहकार समिति इसके लिए समय आवंटित कर सकती है। रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा उठाया गया मुद्दा व्यापार सलाहकार समिति के संज्ञान में भी लाया गया। सरकार ने पहले दिन से ही यह स्पष्ट कर दिया है कि वह विपक्ष के सुझावों को साथ लेकर सभी महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा करने और समाधान निकालने के लिए तैयार है। हम देखेंगे कि इस चर्चा को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है। हम वापस आएंगे और देखेंगे कि इस चर्चा को किस प्रकार व्यवस्थित किया जा सकता है। हम इस मामले को उठाने के लिए तैयार हैं।

## पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल का निधन, लातूर में ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल ने आज सुबह महाराष्ट्र के लातूर में अंतिम सांस ली। पाटिल 90 साल के थे। सुबह करीब 6:30 बजे उनका लातूर स्थित अपने घर में निधन हो गया। शिवराज पाटिल लंबे समय से बीमार चल रहे थे, जिसके चलते उनका घर पर ही इलाज किया जा रहा था। उनका पूरा नाम शिवराज पाटिल चाकुरकर था। उन्होंने लोकसभा के सभापति और विभिन्न केंद्रीय मंत्री के पद की जिम्मेदारी संभाली है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को होने की उम्मीद है। शिवराज पाटिल ने अपने राजनीतिक जीवन में कई प्रतिष्ठित पदों की कार्यभार संभाला। महाराष्ट्र से नाता रखने वाले शिवराज पाटिल मराठवाड़ा के लातूर से सांसद रह चुके हैं। वहीं लातूर की ग्रामीण सीट से उन्होंने साल 1973 से 1980 तक विधायक की भी जिम्मेदारी संभाली। साल 1980 के बाद उन्होंने लातूर लोकसभा सीट से चुनाव जीता और संसद पहुंचे। उन्होंने लातूर लोकसभा क्षेत्र से सात बार जीत दर्ज की थी। बता दें कि साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले के वक्त शिवराज पाटिल ही देश के गृह मंत्री थे।

## आंध्र प्रदेश बस हादसे पर राष्ट्रपति-पीएम ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। हादसा अल्लूरी सीताराम राजू जिले में हुआ। जानकारी के मुताबिक चित्तूर जिले से आ रही एक निजी बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। निजी बस चित्तूर-मारेदुमिल्ली घाट रोड पर खाई में जा गिरी। जिस वक्त ये भयानक हादसा हुआ, उस समय यात्री नींद में थे। हादसे पर आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू ने शोक व्यक्त किया है। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बचाव अभियान शुरू किया। जिस बस में हादसा हुआ, वह यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी।

## कफ सीरप मामला : यूपी-झारखंड और गुजरात में ईडी की छापेमारी

**लखनऊ।** अवैध कफ सिरप मामले में प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ यूनिट की टीम ने शुक्रवार की सुबह गोरखधंधे के मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल से जुड़े उत्तर प्रदेश, गुजरात और झारखंड के ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की है। अवैध कफ सिरप के व्यापार को लेकर पिछले दो महीनों में 30 से अधिक एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं, जिसके आधार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच कार्रवाई शुरू की है। जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ, सहारनपुर, वाराणसी और जौनपुर, झारखंड के रांची और गुजरात के अहमदाबाद में बनाए गए ठिकानों पर छापेमारी की है।

# कांग्रेस की बैठक से थरूर फिर गायब




● सांसद मनीष तिवारी भी नहीं आए

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कांग्रेस सांसदों की एक बैठक हुई। कांग्रेस सांसदों की इस बैठक में शशि थरूर नहीं शामिल हुए। ये तीसरा मौका था जब इस प्रकार की बैठक में शशि थरूर की अनुपस्थिति देखने को मिली है। दरअसल, कांग्रेस सांसद ने कई मौकों पर पीएम मोदी और उनकी नीतियों की तारीफ की है। इस कारण थरूर और कांग्रेस पार्टी के बीच के संबंध तनावपूर्ण देखने को मिले हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस सांसदों की ये बैठक संसद भवन की एनेक्सी एक्सटेंशन बिल्डिंग में आयोजित की गई। इस बैठक में संसद के शेष शीतकालीन सत्र के लिए रणनीति, विपक्ष की एकजुटता और सरकार को घेरने के मुद्दे पर चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस के करीब सभी सांसद मौजूद रहे, लेकिन इसमें शशि थरूर अनुपस्थित रहे, जिसके कारण अब सियासी अटकलों का बाजार गर्म है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक थरूर ने पार्टी को अपनी गैरमौजूदगी के बारे में पहले ही बता दिया था। वहीं, इस बैठक में कांग्रेस के एक और सीनियर नेता और चंडीगढ़ के MP मनीष तिवारी भी नहीं पहुंचे थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की टाइमलाइन के अनुसार, शशि थरूर कल किसी इवेंट में कोलकाता में थे। इस कारण माना जा रहा है कि दिल्ली में हुई बैठक में वह नहीं पहुंच सके।

## विनेश फोगाट ने संन्यास लिया वापस खेलेंगी ओलिंपिक



**पंचकूला।** पूर्व भारतीय रेसलर विनेश फोगाट ने कुश्ती के मैट पर फिर से वापसी करने का फैसला किया है। वह 2028 में लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में उतरना चाहती हैं। विनेश ने अपने सोशल मीडिया पर इसका जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'लोग पूछते रहे कि क्या पेरिस अंत था?' विनेश ने कहा कि बहुत समय तक, मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, प्रेशर से, उम्मीदों से, यहां तक कि अपने सपनों से भी दूर जाने की जरूरत थी। सालों में पहली बार, मैंने खुद को सांस लेने दिया। मैंने अपने सफर के बोझ को समझने के लिए समय लिया- उतार-चढ़ाव, दिल टूटना, त्याग, मेरे वो रूप जिन्हें दुनिया ने कभी नहीं देखा।



## गुजरात में नदी पर बन रहा पुल गिरा, कई मजदूर दबे, एक लापता



**नई दिल्ली।** गुजरात के वलसाड से बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां औरंगा नदी पर बन रहे पुल के कंस्ट्रक्शन के दौरान, एक गर्डर डैमेज हो गया, जिससे पुल भरभराकर गिर गया। इस दौरान उस पर काम कर रहे करीब पांच मजदूर फंस गए। घटना के तुरंत बाद राहत बचाव का कार्य शुरू किया गया। यह घटना सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। जब पुल के दो खंभों के बीच की स्लैब बनाने के लिए बनाई गई मचान का ढांचा भरभराकर ढह गया। इस हादसे में करीब पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए और मलबे के नीचे दब गए। घटना की सूचना मिलते ही वलसाद अग्निशमन विभाग और पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। राहत बचाव की टीम ने चार मजदूरों को बचा लिया गया और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल सभी घायलों का इलाज जारी है। वहीं, एक कर्मचारी की तलाश जारी है। जिसके मलबे के नीचे दबे होने की आशंका है।

# डीएम-एसपी हटाओ तब होगी बात

## राजस्थान में बवाल के चौथे दिन भी इंटरनेट बंद



● भयभीत परिवार छोड़कर भागे घर

● महिलाओं ने ली गुरुद्वारे में शरण

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ के टिब्बी में ड्यून एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड की फैक्ट्री के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन जारी है। राजस्थान के हनुमानगढ़ स्थित टिब्बी (राठीखेड़ा) में आंदोलन की आग ठंडी नहीं हो रही। ड्यून एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड की फैक्ट्री के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन जारी है। चौथे दिन आज शुक्रवार को भी टिब्बी में इंटरनेट बंद है। किसानों ने कहा-जब तक हनुमानगढ़ के कलेक्टर-एसपी का तबादला नहीं हो जाता, तब तक प्रशासन से वार्ता नहीं करेंगे। 107 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज है। 40 लोग हिरासत में हैं। महिलाओं ने पुलिस पर गोलियां चलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने गुरुद्वारे सिंह सभा में गोलियों के खोल भी दिखाए। पुलिस के डर से तमाम लोग घर पर ताला लगाकर रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं। कुछ लोगों ने गुरुद्वारा सिंह सभा में शरण ली है। ये गुरुद्वारा सिंह सभा है, जहां महिलाओं के साथ ही पुरुषों ने शरण ले रखी है। यहीं पर हिंसा में घायल हुए लोगों का इलाज भी चल रहा है। ये गुरुद्वारा सिंह सभा है, जहां महिलाओं के साथ ही तमाम पुरुषों ने शरण ले रखी है।






छाया : जनमुख डेस्क





## काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का 105वां दीक्षांत समारोह

# 29 टॉपरों को 33 पदक

### श्रेष्ठता ज्ञान और सदाचार से तय होती है : कुलपति

● 12000 विद्यार्थियों को मिलीं उपाधियां



**वाराणसी।** बीएचयू का 105वां दीक्षांत समारोह आज स्वतंत्रता भवन में मनाया जा रहा है। मुख्य अतिथि वीके सारस्वत और कुलपति अजित चतुर्वेदी ने महामना की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की शुरुआत में कुलपति ने छात्रों को सत्य और सेवा भाव से काम करने की शपथ दिलाई। इस दीक्षांत समारोह में कुल 13,650 उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें 7449 स्नातक, 5889 स्नातकोत्तर, 4 एमफिल, 712 पीएचडी और 1 डीएससी की उपाधि शामिल है। मुख्य समारोह में कुल 29 टॉपरों को 33 पदक प्रदान किए गए। इस साल भी छात्राओं का दबदबा बरकरार रहा। 29 मेधावियों में 20 छात्राएं और नौ छात्र शामिल हैं। बीपीए इंस्ट्रूमेंटल (बांसुरी) के तुहिन पर और एमए संस्कृत की अनुराधा द्विवेदी को सर्वाधिक अंक लाने पर चांसलर मेडल से सम्मानित किया गया। कुलपति ने बताया कि मेधावियों के अभिभावकों और दूसरे शहरों, राज्यों या देशों में बैठे बीएचयू के छात्रों के लिए दीक्षांत समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग की भी व्यवस्था की गई। वीसी अजित चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथि वीके सारस्वत को विश्वविद्यालय के मुख्यद्वार का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वीके सारस्वत ने कहा- हमारे यूपीआई को पूरे देश ने कॉपी किया है। हम बाहर जाते हैं तो यह देखकर गर्व होता है। हमारे पास 35 साल से कम 453 मिलियन यंग हैं, जो हमारे देश की मजबूती हैं। यही सोचकर पीएम ने 2047 तक विकसित भारत का सपना देखा है। आप लोगों में शोध, कला का अद्भुत बल है और विकसित भारत के मजबूत स्तंभ हैं। वीसी प्रो. अजित चतुर्वेदी ने सभी छात्र-छात्राओं को देश और समाज में जाकर सदैव सत्य और सेवा भाव से काम करने की शपथ दिलाई, साथ ही बधाई दी।






### रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की शिनाख्त के लिए पुलिस असम और प. बंगाल रवाना

● कुछ बस्तियों से अचानक गायब हो गए लोग



**वाराणसी।** वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने शहर में चिह्नित किए गए 500 रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए असम और पश्चिम बंगाल की ओर टीम भेजी है। पुलिस ने जनपद के झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में प्रारंभिक जांच के दौरान सैकड़ों संदिग्ध व्यक्तियों का पता लगाया है। इसके बाद, एक सप्ताह का आपरेशन टार्च अभियान (7 दिसंबर से 13 दिसंबर) शुरू किया गया है। पुलिस को आशंका है कि यदि गहराई से जांच की गई, तो संदिग्धों की संख्या और बढ़ सकती है। पुलिस की टीम ने जब गांव-गांव जाकर जांच की, तो चोलापुर समेत कई अन्य ब्लाकों में कुछ परिवारों ने अपने घर छोड़ दिए। इस स्थिति के बाद प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। लोगों के अचानक गायब होने की घटनाओं को मतदाता सूची के एसआइआर के गणना प्रपत्र भरने के अभियान के परिणाम के रूप में भी देखा जा रहा है।


## आराध्या, सायरा, अंशु और कृति ने बनायी अंतिम-4 में जगह

● सिंह निकेतन मलदहिया में कैरम प्रतियोगिता प्रारंभ



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** स्वर्गीय दुर्गावती देवी इंटर स्कूल में चौदहवीं जूनियर सब जूनियर और सीनियर कैरम प्रतियोगिता का सिंह निकेतन मलदहिया में गुरुवार प्रातः दस बजे से शुरूआत हो गई । आज खेले मैचों में 14 वर्ष आयु के बालिका वर्ग में-आराध्या तिवारी एपीएस चोलापुर, सायराबानो-मरियम एजूकेशन, अंशू यादव एपीएस चोलापुर और कृति एच एम एस पहाड़िया के अन्तिम चार में जगह बनाने में कामयाब रहीं। वहीं पूर्वी मिश्रा एपीएस चोलापुर, नम्रता बख्तियार डालिम्स राम कटोरा, श्रेया गौतम सनबीम बरूणा, नाव्या सिंह-न्यू लाइव इंग्लिश स्कूल, निगार सिराज-डालिम्स रामकटोरा, निगार सेराज सनबीम, श्रेयांशी सनबीम भगवानपुर, वैष्णवी पांडे एपीएस चोलापुर, 12 वर्ष आयु वर्ग के बालिका वर्ग के अंतिम आठ में पहुंचने में सफल रहीं। जबकि 12 आयु वर्ग बालक वर्ग में अर्पित सरोज एचएमएस पहाड़िया, शशांक सिंह एपीएस, सात्विक मिश्रा एपीएस चोलापुर, हर्षदीप सिंह एचएमएस पहाड़िया, असद सरफराज डालिम्स रामकटोरा, तेजस प्रकाश एपीएसस चोलापुर, आयुष कुमार एपपीएस चोलापुर, विक्रमजीत सिंह डालिम्स मोहिनी कुंज, राज सिंह एपपीएसस चोलापुर, शिखा शशांक पटेल सनबीम सारनाथ, प्रांजल जायसवाल एपीएस चोलापुर, अजीत अजय सनबीम बरूणा, आर्यन सिंह एचएमएस पहाड़िया, राज सिंह एपीएसस चोलापुर लगातार तीसरी विजय के साथ प्री क्वार्टर में पहुंच गये। 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग में अंशुमान सिंह एचएमएस, अरिंदम त्रिवेदी डालिम्स, सूर्यांश मिश्रा एपीएस चोलापुर, शिवांश वर्मा डालिम्स, अनुपम गौरव सनबीम भगवानपुर, निशांत सिंह एपीएस चोलापुर, अंकित कुमार एचएमएस पहाड़िया, दिव्यांशु पटेल एपीएस चोलापुर, रुद्र नारायण सिंह सनबीम भगवानपुर, मोहम्मद हमजा मरियम एजुकेशन, लक्ष्य नारायण एचएमएस, हितेश चौरसिया सनबीम भगवानपुर, ओम गर्ग एसएमएस, अंश श्रीवास्तव एचएमएस पहाड़िया, फैजान अली एपीएस चोलापुर प्री क्वार्टर में जगह बनाने में सफल रहे।

### कालाष्टमी पर काल भैरव का श्रृंगार आधी रात मंदिर में तांत्रिक साधना



**वाराणसी।** पौष मास की कृष्णपक्ष अष्टमी पर गुरुवार को काशी के समस्त भैरव मंदिरों में कालाष्टमी का पर्व अद्भुत आस्था और भव्यता के साथ मनाया गया। पूरे शहर में कालभैरव के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। भक्तों की आस्था का मुख्य केंद्र प्राचीन कालभैरव मंदिर रहा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भैरव के विविध स्वरूपों की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर भक्तों ने परिवार और समाज की रक्षा के लिए बाबा से अभय का वरदान मांगा। बाबा का कंदमूल श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर को इस अवसर पर मनोहारी सजावट से सुसज्जित किया गया। गर्भगृह, मुख्य मंडप तथा परिक्रमा मार्ग को फलों, पुष्पों और पत्तियों से सजाकर अद्भुत श्रृंगार किया गया। गर्भगृह के समक्ष बाबा का रजत विग्रह विराजमान कराकर उन पर फलों की विशेष माला धारण कराई गई। इसके उपरांत रजत निर्मित मुंडमाला पहनाई गई, जो भक्तों का विशेष आकर्षण रही।

# एसआईआर की बढ़ी डेट

### अब 26 दिसम्बर अंतिम तिथि तय की गयी

● बीएलओ से लेकर अधिकारियों तक ने ली राहत की सांस




**वाराणसी।** भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा मतदाता सूची का एसआइआर की तिथि को आगे बढ़ा दिया है। इस बार एसआइआर कार्य को पूरा करने के लिए एक पखवारे का समय दिया गया है। अब मतदाता 26 दिसंबर तक गणना प्रपत्र जमा कर सकेंगे। इससे इस कार्य में लगे बीएलओ से लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी तक ने राहत की सांस ली है। अब काम शतप्रतिशत पूरा हो सकेगा। एसआइआर के लिए 11 दिसंबर आखिरी तिथि थी। इसके बावजूद नो मैपिंग का लगभग 50 प्रतिशत कार्य बचा हुआ था। इससे सभी को मौका मिलेगा और वे मैपिंग के लिए कार्य पूरा कर सकेंगे। इस महाअभियान को लेकर क्षेत्र में जागरूकता का अभाव बना हुआ था। राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बूथ लेवल एजेंट भी जमीन पर जूझ कर कार्य करते हुए नहीं दिख रहे थे। बीएलओ बहुतायत मतदाताओं के घर तक नहीं पहुंच पाए। किसी तरह घर ढूंढ भी लिए तो मतदाताओं को सही ढंग से एसआइआर का गणना प्रपत्र भरने में मदद नहीं कर सके।

### अवादा फ़ाउंडेशन ने विद्यार्थियों को तारामंडल का कराया शैक्षिक भ्रमण



● खगोल विज्ञान का मार्ग प्रशस्त

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अवादा फ़ाउंडेशन ने दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के 50 से अधिक छात्रों छात्राओं, उनके अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक व्यापक और प्रेरणादायक शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया है। इस पहल के तहत, छात्रों ने मध्य प्रदेश के डोंगला में कर्क रेखा पर फ़ाउंडेशन द्वारा निर्मित अत्याधुनिक तारामंडल का भ्रमण किया, जिससे उनके लिए ज्ञान और विज्ञान की नई दुनिया के द्वार खुल गए हैं।डोंगला स्थित तारामंडल जो ज्ञान का नया केंद्र अवादा फ़ाउंडेशन और आचार्य वराह मिहिर न्यास के संयुक्त प्रयास से उज्जैन, मध्य प्रदेश के डोंगला (कर्क रेखा के समीप) में एक विश्व-स्तरीय तारामंडल का निर्माण किया गया है। जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था।

### रिटेल निवेशकों को निफ्टी 50 इंडेक्स से जुड़े भारतीय शेयर बाज़ार में निवेश के अवसर दे रहा स्बेरबैंक



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रूस के सबसे बड़े बैंक स्बेरबैंक और जेएससी फर्स्ट एसेट मैनेजमेंट ने एक नया म्यूचुअल फंड 'फर्स्ट-इंडिया' लॉन्च किया है। यह फंड भारत के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रमुख इंडेक्स निफ्टी50 (एनएसईआई) पर आधारित है, जिसमें देश की टॉप 50 कंपनियों के शेयर्स शामिल होते हैं। इस फंड के जरिए रूस के रिटेल निवेशकों को भारत के शेयर बाज़ार में प्रत्यक्ष हिस्सेदारी का मौका मिलेगा। यह लॉन्च एनएसई में आयोजित एक कार्यक्रम में स्बेरबैंक के सीईओ और एग्जीक्यूटिव बोर्ड के चेयरमैन हरमन ग्रेफ द्वारा उनकी भारत यात्रा के दौरान किया गया।


**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324


# फॉर्म भरा या नहीं, घर-घर जाकर पता कीजिए



● किसी भी हाल में पात्र का नाम छूटना नहीं चाहिए

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आम जनता के बीच जाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से छूट न जाए और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल होना मजबूत और समावेशी लोकतंत्र की आधारशिला है। सीएम, घर-घर जाकर पता करें किसने एसआईआर फॉर्म भरा किसने नहीं भरा। जिसने नहीं भरा और वो पात्र है तो हर हाल में उसका फार्म भरवाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने एसआईआर अभियान के दौरान चार प्रमुख श्रेणियों अनमैपिंग, मृतक, अबसेंट (अनुपस्थित) और शिफ्टेड मतदाताओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक के अंत में मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर जाकर घर-घर सत्यापन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि कौन-कौन एईं फॉर्म जमा कर चुका है और किसने नहीं, ताकि अभियान का उद्देश्य पूर्ण हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता तक पहुंचना और उन्हें मतदाता सूची से जोड़ना भाजपा की संगठनात्मक शक्ति और जिम्मेदारी है, जिसे पूरी ईमानदारी से निभाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री का स्वागत भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने किया और कार्यक्रम का संचालन काशी क्षेत्र के पूर्व संगठन मंत्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने किया। बैठक के अंत में मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर जाकर घर-घर सत्यापन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि कौन-कौन एईं फॉर्म जमा कर चुका है और किसने नहीं, ताकि अभियान का उद्देश्य पूर्ण हो सके।

### पीएनबी के आउटरीच कार्यक्रम में किसानों को दी गयी अहम जानकारी

● बैंक के तमाम योजनाओं व सुविधाओं से कराया गया अवगत




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय, वाराणसी में मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मंडल प्रमुख बृजलाल गुप्ता ने की जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जौनपुर के प्रसिद्ध कारोबारी रवीन्द्रनाथ सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उप अंचल प्रबंधक हरिविंद सिंह रंधावा एवं हर्षवर्धन सिंह रघुवंशी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थापक लाला लाजपत राय के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बैंक की सभी योजनाओं, सुविधाओं और नवीन तकनीकों को सरल भाषा में पहुंचाना, उनकी समस्याओं को सुनना और उनका समाधान सुनिश्चित करना है। किसानों को बैंक को विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी दी गयी। मदन पटेल ने अपनी सरल भाषा में किसानों को समझाया। अंत में बीस से अधिक ऋणकर्ता किसानों को ऋण स्वीकृति पत्र

## सुल्तानपुर समाचार

### टैंकर के केबिन के नीचे मिला मिला सीतापुर के खलासी का शव



**लंभुआ।** लखनऊ-वाराणसी हाईवे के बेदूपारा के पास बुधवार देर शाम अनियंत्रित टैंकर की चपेट में आने से छह वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे। दुर्घटना में 11 लोग घायल हुए थे।

घटना के दूसरे दिन बृहस्पतिवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त टैंकर को हटाने के दौरान केबिन के नीचे खलासी का शव मिला। हादसे के करीब 12 घंटे बाद मिले शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खलासी की पहचान सीतापुर जिले के बिसावां के गुरुसंडा निवासी रचित कुमार (18) के रूप में हुई है। लंभुआ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संदीप राय ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह सात बजे क्षतिग्रस्त टैंकर को हटवाया जा रहा था। इसी बीच टैंकर के केबिन के नीचे एक शव दिखाई दिया। शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक के परिजनों को दुर्घटना की जानकारी दी गई है। दुर्घटना के विषय में तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## सोनभद्र समाचार

### खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई बाइक, पोस्टमास्टर समेत दो की मौत

**घोरावल।** कोतवाली क्षेत्र के धुरकरी गांव में मिर्जापुर-घोरावल मार्ग पर बुधवार की रात सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। इनमें एक पोस्टमास्टर था। दोनों मिर्जापुर के दीपनगर से घोरावल आ रहे थे। राइस मिल के पास खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। घोरावल क्षेत्र के बेलवनिया गांव निवासी धनवंती प्रसाद उर्फ राकेश पांडेय (42) शाहगंज डाकघर से राजपुर शाखा के पोस्टमास्टर (बीपीएम) थे। वह बुधवार को किसी काम से मिर्जापुर गए थे। रात में अपने परिचित मिर्जापुर के दीपनगर निवासी मोहित सोनी (25) के साथ घोरावल लौट रहे थे। धुरकरी गांव में राइस मिल के सामने खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में बाइक पीछे से उनकी बाइक टकरा गई।

## मीरजापुर समाचार

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदे पुआल में लगी आग बुझाने पहुंचा युवक, झुलस कर मौत



**अहरौरा।** इमलियाचट्टी क्षेत्र स्थित अतरौली खुर्द नहर के पास बृहस्पतिवार की दोपहर में खेत से ट्रैक्टर ट्रॉली पर पुआल लादकर घर ले जाते समय बिजली के तार से पुआल से छू जाने के कारण आग लग गई।

वहां मौजूद आशुतोष सिंह (30) मदद करने के लिए पहुंचा। आग बुझाने के दौरान ट्रॉली पलटने के कारण वह पुआल में दबकर झुलस गया। उपचार के लिए ले जाते समय उसकी मौत हो गई। भुड़कुड़ा गांव में खेत में पड़े पुआल को किसान बृहस्पतिवार की दोपहर ट्रैक्टर ट्रॉली में लाद कर ढुलाई करा रहा था। ट्रैक्टर अतरौली खुर्द नहर के पास पहुंचा था कि ऊपर से गुजरे बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट होने से पुआल में आग लग गई। हादसा होते देखकर वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। तभी किसान ने ट्रैक्टर बचाने के लिए ट्रॉली को अलग कर दिया। संतुलन बिगड़ने के कारण ट्रॉली पलट गई। आग बुझा रहे आशुतोष आग में फंसकर झुलस गए।

## देवरिया समाचार

### अब 26 तक बूथों पर जमा होंगे प्रपत्र, 27 से बनेगी मतदाता सूची

**देवरिया।** मतदाता सूचियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्यक्रम आगे बढ़ गया है। अब 26 दिसंबर तक मतदान केंद्रों पर मतदाताओं से संबंधित प्रपत्र जमा किए जाएंगे। 27 दिसंबर से मतदाता सूची के लिए ड्रॉफ्ट बनाने का काम शुरू होगा। देर शाम इससे संबंधित निर्देश जारी हो गया। बूथों पर मतदाताओं की मदद के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। देवरिया शहर में पांच मतदान केंद्रों पर अलग से कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है। पहले 11 दिसंबर तक प्रपत्र जमा करना था। इसको लेकर तीन दिन से कर्मचारी दिन-रात काम में लगे हुए थे। बृहस्पतिवार को जिले में 99 प्रतिशत प्रपत्र एकत्रित करने का काम पूरा भी किया गया था।

## मऊ समाचार

### जेठानी से झगड़े के बाद महिला ने बेटी को फंदा लगाकर खुद भी दी जान



**मऊ।** जिले के सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बबुआपुर गांव में पारिवारिक कलह से परेशान रेखा चौहान (24) ने बुधवार की शाम पहले बेटी रितिका (03) की फंदा लगाकर हत्या कर दी। फिर खुद भी आत्महत्या कर ली। भाई सचिन के अनुसार, पड़ोस के लोगों ने बताया कि घटना से एक घंटे पहले रेखा से उसकी जेठानी ने किसी बात पर लड़ाई और गालीगलौज की थी। सचिन की तहरीर पर पुलिस ने बृहस्पतिवार की दोपहर दो बजे पति राकेश, जेठ अखिलेश चौहान, ससुर सुभाष चौहान, सास विमला देवी, देवर रितेश, देवरानी और जेठानी के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने, दहेज हत्या और दहेज उत्पीड़न में प्राथमिकी दर्ज की है। हलधरपुर थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव निवासी रेखा चौहान की शादी 13 दिसंबर 2021 को बबुआपुर गांव निवासी राकेश चौहान से हुई थी। एक साल बाद दोनों से एक बेटी रितिका हुई। दोनों शवों के गले पर फंदे के निशान हैं, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। भाई की तहरीर पर सात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

## आजमगढ़ समाचार

### पुलिस की वर्दी पहनकर बस-ट्रेन में करती थी बिना टिकट यात्रा, गिरफ्तार

**आजमगढ़।** शहर कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को रोडवेज बस स्टैंड पर उप्र पुलिस की वर्दी पहनकर धोखाधड़ी कर रही नीतू चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। महिला के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। शांति व्यवस्था ड्यूटी पर मौजूद उप निरीक्षक सौरभ त्रिपाठी, महिला उप निरीक्षक प्रज्ञा सिंह एवं महिला कांस्टेबल शुभी की टीम ने संदिग्ध महिला को रोका। उन्हें महिला के व्यवहार और वर्दी पहनने के तरीके पर संदेह हुआ। सख्ती से पूछने पर महिला ने अपना नाम नीतू चौहान, निवासी बनकटा बुजुर्ग, जिला अंबेडकर नगर बताया। उसने स्वीकार किया कि वह पुलिसकर्मी नहीं है बल्कि बस व ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करने के लिए पुलिस की वर्दी पहनती है। तलाशी में उसके पास से उप्र पुलिस की वर्दी, बेल्ट, बैज, पी-कैप, पुलिस पैटर्न के जूते और लाल रंग के पर्स में 230 रुपये बरामद हुए।

## प्रयागराज समाचार

### बस कंडक्टर बनने के लिए प्रयागराज क्षेत्र में 76 महिलाओं ने किए आवेदन



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम (रोडवेज) में संविदा पर बस कंडक्टर (परिचालक) की नौकरी के लिए प्रयागराज क्षेत्र में 76 महिलाओं ने आवेदन किए हैं। रोडवेज ने 200 पदों के लिए विज्ञापन निकाला था। आवेदन करने वाली महिलाओं में स्वयं सहायता समूह की सदस्य, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड व कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित अभ्यर्थी शामिल हैं। राजापुर स्थित प्रयाग डिपो कार्यशाला में नोडल अधिकारी एआरएम प्रशांत दीक्षित की अध्यक्षता में गठित चयन समिति आवेदनों की स्क्रीनिंग कर रही है। इसके बाद पात्र अभ्यर्थियों को अनुबंध पत्र जारी कर एक सप्ताह के अंदर नियुक्ति दी जाएगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक रविंद्र कुमार मिश्रा के अनुसार 10 दिसंबर को आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। चयनित महिलाओं को साधारण बसों के साथ एसी बसों में भी परिचालक के रूप में तैनात किया जाएगा। नियुक्ति के बाद उन्हें टिकट मशीन संचालन, यात्री व्यवहार व अन्य संबंधित सेवा से जुड़ीं गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (रोडवेज) में चालक भर्ती के लिए 20 दिसंबर से विशेष मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 13 जगहों पर लगाया जाएगा ताकि दूर-दराज के उम्मीदवार भी इसमें शामिल हो सकें। उम्मीदवारों की भर्ती स्थल पर जांच होगी और इसके बाद ड्राइविंग टेस्ट होगा। अभ्यर्थियों को दूसरे चरण के टेस्ट के लिए कानपुर भेजा जाएगा। वहां आगे की परीक्षा और ट्रेनिंग पूरी होने के बाद नियुक्ति दी जाएगी। इस मेले के तहत संविदा ड्राइवर के तकरीबन 250 पदों पर भर्ती की जाएगी। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं पास है। आयु सीमा 23 वर्ष छह महीने से 58 वर्ष तक है। उम्मीदवार के पास कम से कम दो साल पुराना भारी वाहन चालक लाइसेंस होना चाहिए और जाति प्रमाणपत्र छह महीने से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए। 20 दिसंबर को जारी बस स्टेशन, 21 को मेजा रोड पर बद्री प्रसाद तिवारी इंटर कॉलेज, सरायअकिल बस स्टेशन, कुंडा बस स्टेशन, 22 को मंझनपुर डिपो कार्यशाला, झूंसी कार्यशाला, लालगंज बस स्टेशन, 23 को फूलपुर ब्लॉक, पट्टी बस स्टेशन, 24 को बादशाहपुर डिपो कार्यशाला, प्रतापगढ़ डिपो कार्यशाला, मड़िहान बस स्टेशन, 26 दिसंबर को मिर्जापुर डिपो कार्यशाला।

## चंदौली समाचार

### महिला फरियादियों की समस्याएं तुरंत सुनें : डिप्टी एसपी

**चंदौली।** डिप्टी एसपी स्नेहा तिवारी ने बृहस्पतिवार को सकलडीहा कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला हेल्पडेस्क सहित विभिन्न फाइलों को देखा। उन्होंने महिला फरियादियों की समस्याएं सुनने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। साथ ही जमानत पर रिहा होकर आने वाले अपराधियों के अनुबंध तोड़ने पर मजिस्ट्रेट के निर्देश पर रिकवरी कराए जाने का निर्देश दिया। डिप्टी एसपी ने मालखाना, शस्त्र सहित पेशेवर और हिस्ट्रीशीटरों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके अलावा फाइलों की जांच कर लंबित मामलों को समय सीमा के अंदर निस्तारण करने को कहा।

उन्होंने अराजकतत्वों को चिह्नित करने को कहा। इस मौके पर प्रभारी कोतवाल वरूणेंद्र राय, उदयभान यादव, दिनेश राम, विजय शंकर चौहान, राणा यादव, शिवशंकर यादव मौजूद रहे।

## बलिया समाचार

### 2300 से ज्यादा रजिस्ट्री का रुका दाखिल खारिज, 15 दिसंबर के बाद आने की सलाह

**बलिया।** जिले के छह तहसीलों में नवंबर में 23 सौ से ज्यादा जमीन व घरों की रजिस्ट्री हुई है। इसके बाद दाखिल खारिज के लिए फाइलें अटकी हैं। तहसील के अधिकारियों के न बैठने के कारण दाखिल खारिज की प्रकिया के लिए सवाल खाली रजिस्टर पर दर्ज नहीं हो रहे हैं। इससे दाखिल खारिज की सही तिथि मालूम नहीं चल पा रही है। सदर तहसील में कमरा नंबर 12 तहसीलदार कार्यालय बंद था। 40 मिनट में करीब 13 से अधिक लोग पहुंचे, कार्यालय बंद होने से निराश होकर लौट गए। वह लोग कार्यालय में रखे सवाल खाली रजिस्टर चेक करने आए थे कि उसमें नाम दर्ज हुआ है कि नहीं।

रजिस्टर में दर्ज होने के 35 दिन के बाद दाखिल खारिज होता है। इसकी जानकारी के लिए खरीदार परेशान हैं। कर्मचारी 15 दिसंबर के बाद आने के लिए कह रहे हैं। एसआईआर का काम करने के दबाव के कारण कर्मचारी दूसरे सरकारी काम नहीं निपटा पा रहे। शासन ने रजिस्ट्री के बाद दाखिल-खारिज (प्रॉपर्टी म्यूटेशन) की प्रक्रिया को अब ऑनलाइन कर दिया है। पहले यह काम राजस्व विभाग के दफ्तरों में जाकर ही होता था। अब यह पूरा सिस्टम डिजिटाइज होने से लोग घर बैठे ही जमीन को अपने नाम दर्ज करा सकते हैं।

रजिस्ट्री के बाद फाइल ऑनलाइन संबंधित तहसील कार्यालय में चली जाती है। तहसील कार्यालय के सवाल खाली रजिस्टर पर नाम व नंबर चढ़ता है। उक्त नंबर विक्रेता के मोबाइल नंबर पर कॉल जाती है।

नाम दर्ज होने के 35 दिन के अंदर आपत्ति नहीं पड़ती है तो खरीदार का दाखिल खारिज हो जाता है। भूमि पर कानूनी स्वामित्व प्राप्त होता है और आगे किसी विवाद या खतौनी से संबंधित कार्य में सुविधा मिलती है।

## जौनपुर समाचार

### महिला का फंदे से लटकता मिला शव, हत्या का आरोप

**जौनपुर।** थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव में बृहस्पतिवार शाम एक महिला का फंदे पर लटकता शव मिला। मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। मछलीशहर थाना क्षेत्र के आलापुर कृष्णापुर गांव निवासी प्रियंका (24) की शादी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व बक्शा थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव निवासी हितेश गौतम पुत्र संतोष गौतम के साथ हुई। प्रियंका का शव घर के कमरे में फंदे से लटकता मिला। इस बात की जानकारी परिजनों को तब हुई जब वह किसी काम से प्रियंका को आवाज लगाने लगे। कमरे का दरवाजा न खुलने पर किसी तरह दरवाजा खोल उसे फंदे से उतारकर प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर पहुंचे और मायके वालों को सूचना दी। उधर घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी थानाध्यक्ष प्रशांत पांडेय ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

## गोरखपुर समाचार

### फर्जी IAS का साला और एक साथी भी गिरफ्तार-सोशल मीडिया और AI से जमाता था भौकाल



**गोरखपुर।** दो करोड़ रुपये ठगी के आरोपी फर्जी आईएएस ललित किशोर उर्फ गौरव के साथ उसके साला अभिषेक और एक साथी परमानंद को भी गुलरिहा पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम की गिरफ्त में आ गए हैं। आरोप है कि तीनों ने सरकारी विभागों में 200 करोड़ रुपये का टेंडर दिलाने का झांसा देकर बिहार निवासी व्यापारी से दो करोड़ रुपये की ठगी की थी। तीनों से पूछताछ के बाद गुलरिहा पुलिस ने बुधवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, बिहार के सी-तामढ़ी मेहसौल का रहने वाला ललित लंबे समय से यूपी, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में नेटवर्क बनाकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी कर चुका है। तीनों के कब्जे से 4.15 लाख रुपये नकद, बड़ी मात्रा में ज्वेलरी, एटीएम कार्ड-पासपोर्ट, लैपटॉप, मोबाइल और एआई तकनीक से तैयार फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए हैं। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि फर्जी आईएएस का साला अभिषेक कुमार सीतामढ़ी के रीगा थाना क्षेत्र के रामनगरा और उसका साथी परमानंद गुप्ता गोरखनाथ क्षेत्र के लच्छीपुर का निवासी है। यह गिरोह झुंगियां बाजार में बने एक आलीशान दफ्तर से ठगी का जाल फैलाता था। दफ्तर पर फर्जी आईएएस गौरव कुमार की नेम प्लेट, सरकारी पट्टिकाएं और हूटर लगी गाड़ियां खड़ी रहती थीं। साथ में 10-12 लोग बाडीगार्ड की तरह खड़े रहते थे। इसी तामझाम से लोग आसानी से विश्वास में आ जाते थे। उन्होंने बताया कि ललित किशोर कई निजी स्कूलों का अफसर के रूप में निरीक्षण कर चुका था। कई आयोजनों में चीफ गेस्ट बनकर शामिल हुआ था। इससे उसकी विश्वसनीयता और बढ़ गई थी। एसपी सिटी ने बताया कि पटना के मोकामा निवासी पीड़ित व्यापारी मुकुंद माधव को ललित ने सितंबर 2024 में अररिया के एक होटल में बताया कि वह आईएएस है और बड़े सरकारी टेंडर दिलवाता है। विश्वास में लेकर उसने मुकुंद को गोरखपुर बुलाया। दफ्तर का रौब देखकर मुकुंद माधव पूरी तरह झांसे में आ गए।

## गाजीपुर समाचार

### शिक्षक व स्नातक निर्वाचकों की सूची में 11952 महिला मतदाता

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है।

इस सूची के अनुसार कुल 40895 में आधी आबादी की संख्या 11 हजार से ज्यादा है। 16 दिसंबर तक दावे और आपत्ति दाखिल किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन में वैसे तो अभी काफी समय शेष है लेकिन इसकी तैयारी शुरू हो गई है। आगामी चुनाव के मद्देनजर अर्हता तिथि एक नवंबर 2025 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम चल रहा है। बीते दो दिसंबर को नि-र्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया। इसके अनुसार जिले में वर्तमान में दोनों के 40895 मतदाता हैं। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 11952 है जबकि पुरुष 28943 मतदाता हैं। वाराणसी खंड स्नातक के 37272 में 11225 महिला और पुरुष मतदाताओं की संख्या 26047 है।

इसी प्रकार वाराणसी खंड शिक्षक में 3623 में 727 महिला और 2896 पुरुष मतदाता हैं। आयोग ने निर्वाचक नामावलियों को तैयार किए जाने के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2 से 16 दिसंबर तक दावे और आपत्ति दाखिल करने की अवधि निश्चित की है। दावे और आपत्तियों का निस्तारण 30 दिसंबर तक किया जाएगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी देवीप्रसाद सिंह ने बताया कि निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा।

## भदोही समाचार

### एक दिन में दो कार्रवाई से बौखलाया युवक, कार से कुचलकर शिकायतकर्ता को मार डाला



**भदोही।** कोतवाली के घसकरी गांव निवासी कमलाकांत दुबे (70) की बुधवार की देर रात कार से कुचलकर हत्या कर दी गई। इस घटना को गांव के प्रधान मनीष यादव के भतीजे सुजीत ने अंजाम दिया। कमलाकांत दुकान बंद कर रहे थे। इस बीच सुजीत ने अपना वाहन उनकी दुकान की ओर घुमाते हुए उन्हें शटर व वाहन के बीच दबा दिया। बुधवार को ही प्रधान का वित्तीय अधिकार सीज होने के साथ सुजीत के पिता मेहीलाल को पुलिस ने 151 में गिरफ्तार किया था। कमलाकांत दुबे ने प्रधान के भ्रष्टाचार और उनके बड़े भाई पर धमकी देने का आरोप लगाया था। भदोही कोतवाली के घसकरी गांव निवासी कमलाकांत दुबे गांव में ही क्लिनिक चलाते थे। वे गांव में प्रधान मनीष यादव के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की थी। मामले में जांच के बाद भ्रष्टाचार की शिकायत सही मिली। बुधवार को जिला मजिस्ट्रेट ने प्रधान के वित्तीय अधिकार को सीज कर दिया। वहीं कमलाकांत की शिकायत पर ही पुलिस ने प्रधान के बड़े भाई मेहीलाल को बुधवार को ही 151 में चालान कर गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि एक ही दिन दो कार्रवाई होने से प्रधान का भतीजा सुजीत आक्रोश से भरा हुआ था। बुधवार की रात कमलाकांत अपनी क्लिनिक बंद कर रहे थे। वे शटर गिराने के बाद जैसे ही ताला लगाने के लिए झुके, इस बीच प्रधान का भतीजा सुजीत अपनी वाहन से उन्हें शटर व वाहन के बीच कुचलकर कार बैक कर भाग गया। इसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन- फानन कमलाकांत को अस्पताल ले जाया जा रहा था। इस बीच रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी होते ही हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस ने प्रधान को हिरासत में ले लिया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि मृतक ने प्रधान व उनके भाई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें प्रधान द्वारा गा-ंव में की गई वित्तीय गड़बड़ी और उसके बड़े भाई द्वारा दी जा रही धमकी की शिकायत की थी। प्रधान का भाई 151 में गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद प्रधान के भतीजे ने वाहन से दबाकर कमलाकांत की हत्या कर दी। पुलिस प्रधान व जेल में बंद उसके भाई से पूछताछ कर रही है।

## लाइफ मंत्र

### माघ मेले में 75 साल बाद बन रहा है अत्यंत दुर्लभ संयोग, जानें स्नान दान का महत्व




इस बार प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर लगने वाला माघ मेला 2026 न केवल आस्था का केंद्र होगा, बल्कि यह एक अत्यंत दुर्लभ और शुभ संयोग का साक्षी बनने जा रहा है। ज्योतिष गणनाओं के अनुसार, लगभग 75 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद इस माघ मास में एक ऐसा विशिष्ट योग बन रहा है, जिसके चलते इसे मिनी महाकुंभ के रूप में देखा जा रहा है।

**कब से शुरू होगा यह पवित्र मास?**

माघ मेले की शुरुआत 3 जनवरी 2026 को पौष पूर्णिमा के पवित्र दिन से होगी। यह पावन पर्व 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि तक चलेगा। पूरे एक महीने तक संगम की रेती पर कल्पवास की परंपरा निभाई जाएगी।

**75 साल बाद का अद्भुत संयोग क्या है?**

संतों और ज्योतिषियों के दावे के अनुसार, इस बार मकर संक्रांति के दिन एक ऐसा ग्रह-नक्षत्र योग बन रहा है जो पहले 75 वर्षों में नहीं बना। सूर्य का यह उत्तरायण होना और विशिष्ट नक्षत्रों का साथ मिलना इस मेले को महाकुंभ जितना ही फलदायी बना रहा है। यही वजह है कि इसे मिनी महाकुंभ कहा जा रहा है और इस बार श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि की उम्मीद है।

**संगम स्नान और दान का महत्व**

इस विशिष्ट संयोग में, प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में स्नान का महत्व कई गुना बढ़ जाता है।

ऐसा माना जाता है कि इस दौरान संगम में एक डुबकी लगाने से व्यक्ति को महाकुंभ में स्नान करने जैसा ही पुण्य प्राप्त होता है और सभी पाप धुल जाते हैं। माघ मास में, विशेषकर संक्रांति और मौनी अमावस्या जैसे प्रमुख स्नान पर्वों पर, दान करने का भी विशेष विधान है।

दान करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। ज्योतिषियों के अनुसार, इस साल माघ महीने की शुरुआत रविवार, 04 जनवरी को हो रही है।

इस दिन त्रिपुष्कर योग जैसा एक बेहद शुभ और अद्भुत संयोग बन रहा है। यह भी संयोग है कि माघ मेले का समापन भी रविवार को ही होगा। खास बात यह है कि इस बार 75 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद, सूर्य देव अपने ही दिन, यानी रविवार को, मकर राशि में प्रवेश करेंगे।

चूंकि रविवार सूर्य का दिन माना जाता है, इसलिए यह योग अत्यंत फलदायी और शक्तिशाली हो जाता है।

## दक्षिण भारत के 5 हिल स्टेशन, सर्दियों में बनाइए यादगार छुट्टियां, महिलाओं के लिए खास



अगर आप भी इस सर्दियों में किसी खास ट्रिप पर जाने का प्लान कर रही हैं और बेस्ट डेस्टिनेशन की तलाश कर रही हैं। तो आज हम आपको दक्षिण भारत की 5 ऐसे हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाकर आप अपनी ट्रिप को यादगार बना सकती हैं। तो आइए जानते हैं इन हिल स्टेशन के बारे में। सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है। इस मौसम में ज्यादातर महिलाएं घूमने का प्लान करती हैं। खासकर सर्दियों की छुट्टियों में अपनी फैमिली के साथ किसी ट्रिप पर निकल जाती हैं। तो वहीं कुछ महिलाएं दोस्तों के साथ ट्रिप प्लान करती हैं। अगर आप भी इस सर्दियों में किसी खास ट्रिप पर जाने का प्लान कर रही हैं और बेस्ट डेस्टिनेशन की तलाश कर रही हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दक्षिण भारत की 5 ऐसे हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाकर आप अपनी ट्रिप को यादगार बना सकती हैं। तो आइए जानते हैं इन हिल स्टेशन के बारे में...

**थेक्कडी**

सर्दियों की छुट्टियों में आप बेस्ट डेस्टिनेशन की तलाश कर रही हैं, तो अपने दोस्तों, फैमिली या पार्टनर के साथ दक्षिण भारत के खूबसूरत हिल स्टेशन थेक्कडी भी जा सकते हैं। यह केरल के इडुक्की जिले में है। आप पेरियार झील पर बोटिंग कर सकती हैं और मसालों के बागान भी देख सकती हैं। इसके अलावा यहां पर क्ललादीपारा हिल व्यू पॉइंट भी एक्सप्लोर कर सकती हैं।

**मुन्नार**

दक्षिण भारत का मुन्नार हिल स्टेशन बेहद खूबसूरत है। यह पूरे दक्षिण भारत में सबसे अधिक पसंद किए जाने वाला हिल स्टेशन है। यहां पर बिताया हर एक पल यादगार बन जाएगा। आप चाहें तो यहां पर फोटोग्राफी भी कर सकती हैं। सर्दियों में यह जगह किसी स्वर्ग से कम नहीं लगती है। यहां पर आप एराविकुलम नेशनल पार्क, इको पॉइंट और मुट्टुपेट्टी जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकती हैं। इसके अलावा आप यहां के हरे-भरे चाय का बागानों को भी देख सकते हैं।

**येलागिरी**

अगर आप दक्षिण भारत की ओर जाने का मन बना रही हैं, तो आप यहां के फेमस और बेहद खूबसूरत येलागिरी हिल स्टेशन भी विजिट कर सकती हैं। यह जगह उन लोगों के लिए बेहद खास है, जिनको भीड़भाड़ से दूर एकांत रहना पसंद है। येलागिरी, तमिलनाडु के तिरुपत्तूर जिले में स्थित है। यहां पर आप पुंगनूर झील में बोटिंग के साथ स्वामी मलाई हिल्स में ट्रेकिंग और जलगमपराई फॉल्स का नजारा देख सकते हैं।

**कूर्ग**

कुर्ग, दक्षिण भारत का एक खूबसूरत हिल स्टेशन है। यहां पर आप अपने दोस्तों, फैमिली या पार्टनर के साथ जा सकती हैं। सर्दियों की छुट्टियां यागदार बनाने के लिए कुर्ग एक शानदार हिल स्टेशन है। यह कर्नाटक में स्थित है और इसको भारत का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। यहां पर आपको कॉफी के बागानों के साथ खूबसूरत घाटियां भी देखने को मिलेंगी। यहां आने के लिए आप मैसूर, मैंगलोर जा सकती हैं।

**वायनाड**

सर्दियों की छुट्टियों को यादगार बनाने के लिए दक्षिण भारत के खूबसूरत हिल स्टेशन वायनाड को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यह केरल की बेहद खूबसूरत जगह है। यहां की हरियाली और ऐतिहासिक गुफाओं ने पर्यटकों का दिल जीत लिया है। यहां पर आपको चाय और कॉफी के खेत और मसालों के बागान देखने को मिलेंगे।



## ठंड में पहाड़ों पर कैंपिंग का है प्लान तो इन 5 बातों का रखें ध्यान, आपकी ट्रिप हो जाएगी शानदार

**अगर आप भी सर्दियों के दिनों में पहाड़ों पर कैंपिंग का प्लान बना रही हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। जिससे कि आपकी ट्रिप सुकूनभरी और आनंददायक रहे। ऐसे में आज हम आपको कुछ जरूरी टिप्स देने जा रहे हैं।**

सर्दियों में घूमने का अपना ही मजा होता है और यह मौसम घूमने के लिए एकदम परफेक्ट होता है। ऐसे में ज्यादातर लोग सर्दियों में आउटिंग करना काफी पसंद करते हैं। पहाड़ों पर घूमने और कैंपिंग करने का मजा दोगुना हो जाता है। यह एक अलग तरह का एक्सपीरियंस होता है। जिसे लोगों को अपनी लाइफ में एक बार जरूर एंजॉय करना चाहिए।

अगर आप भी सर्दियों के दिनों में पहाड़ों पर कैंपिंग का प्लान बना रही हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। जिससे कि आपकी ट्रिप सुकूनभरी और आनंददायक रहे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ जरूरी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको आप कैंपिंग के दौरान फॉलो कर सकती हैं।

**मजबूत टेंट होना चाहिए**

पहाड़ों पर कैंपिंग के लिए जाने से पहले सबसे पहले एक मजबूत टेंट ले लें। यह आपको अच्छी शॉप या मॉल से मिल जाएगी। पहाड़ों पर बर्फ पड़ने और तेज हवाओं के लिए अच्छी पकड़ वाली टेंट की सख्त जरूरत होगी।

**मोटी लेयर शीट**

टेंट लगाने के बाद जमीन पर एक मोटी लेयर वाली शीट बिछाना चाहिए। इसके बाद गद्दे या फिर कोई और बिस्तर बिछाएं। इससे बारिश या फिर बर्फ के बाद घास गीली होने के बाद बिस्तर सूखे रहेंगे। वहीं आपको ठंड का एहसास नहीं होगा।

**स्लीपिंग बैग**

कैंपिंग के दौरान हमेशा स्लीपिंग बैग का जरूर इस्तेमाल करना चाहिए। इससे ठंड से बचाव होगा और खास बात यह है कि इनमें वजन भी ज्यादा नहीं होता है। अधिक सर्दी लगने पर आप इसके अंदर जाकर खुद को एकदम पैक कर सकती हैं।

**साथ रखें खाने-पीने की चीजें**

पहाड़ों पर घूमने या कैंपिंग के लिए जाएं, तो अपने साथ भरपूर मात्रा में खाने-पीने का सामान जरूर रखें। इससे आपको इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। क्योंकि पहाड़ों पर खाने-पीने की चीजें मुश्किल से और महंगी मिलती हैं। वहीं आजकल छोटे चूल्हे भी मिल रहे हैं, उनको भी अपने साथ ले जाएं।


**कपड़े पहनकर सोएं**

अगर आप किसी बर्फीली पहाड़ी पर कैंपिंग के लिए गई हैं, तो प्रयास करें कि गर्म कपड़ों को पहनकर ही टेंट में सोएं। इससे ठंड से बचाव होगा और इससे आपको नींद भी अच्छी आएगी।

**बोन फायर करें**

जिस भी जगह पर आप कैंपिंग करने के लिए जा रहे हैं, वहां पर जाने के साथ थोड़ी लकड़ियां जरुर इकट्ठी करें। जिससे कि शाम के समय ठंड होने पर आप बोन फायर का मजा ले सकें। इससे आपका कैंप भी गर्म रहेगा और ध्यान रखें कि सोने से पहले आग बुझा दें।

## सर्दियों की ठिठुरन मिटाएं: भारत की ये 5 गर्माहट भरी जगहें बनेंगी परफेक्ट विंटर गेटवे



सर्दियों के मौसम में सुबह उठते ही रजाई छोड़ने का मन नहीं करता और नहाने का नाम लेते ही कंपकंपी शुरू हो जाती है। यदि आप भी इस कड़ाके की ठंड से बचना चाहते हैं, तो किसी शानदार बीच वैकेशन पर जाना बेहतरीन विकल्प हो सकता है। आप भी इन बीच प्लेसेस पर जरुर घूमने जा सकते हैं।

सर्दियों के मौसम में सुबह उठते ही रजाई छोड़ने का मन बिल्कुल भी नहीं करता है। नहाने के नाम से कंपकंपी शुरु हो जाती है। अगर आप भी ठिठुरन वाली सर्दी से बचना चाहते हैं, तो आप शानदार बीच वैकेशन पर जा सकते हैं। आने वाले दिनों में उत्तर भारत में ठंड का ऐसा कहर देखने को मिलेगा किह कि सूरज देवता भी कोहरे की चादर ओढ़कर सो रहे होंगे। चार-चार स्वेटर पहनने के बाद भी जब ठंड हड्डियों तक पहुंचने लगे, तो समझ आता है कि सर्दी अपने चरम पर है। ऐसे में आपके मन में एक ही सवाल आता है कि काश कही थोडी धूप और हल्की गर्माहट मिल जाए। ऐसे में आप सर्दी में विटामिन डी यानी भरपूर धूप लेने के लिए समुद्र की लहरों में छुट्टियां बिता सकते हैं। इस लेख में हम आपको 5 ऐसी जादुई जगहों के बारे में बताएंगे, जहां पर आप सर्दी में छुट्टी मनाने के लिए जा सकते हैं।

**गोवा**

सर्दियों में धूप का नाम लिया जाए और गोवा का ख्याल न आए, ऐसा हो ही नहीं सकता। जब बाकी देश स्वेटर में ठिठुर रहा होता है, तब गोवा में लोग टी-शर्ट और शॉर्ट्स पहनकर समुद्र किनारे मज़े कर रहे होते हैं।

दिसंबर और जनवरी में यहां का मौसम न तो बहुत गर्म होता है और न ही ठंडा बिल्कुल परफेक्ट होता है। ठंडी ड्रिंक्स के साथ सनबाथ लेने का मजा ही कुछ और है।

**पुडुचेरी**

अगर आप शोर-शराबे से दूर जाना चाहते हैं, तो पुडुचेरी जरुर जाएं। यहां की फ्रेंच वास्कुला, रंग-बिरंगे घर और खूबसूरत समुद्र तट आपको एकदम हटके फील कराएंगे। पुडुचेरी का मौसम इतना प्यारा है कि आप आराम से साइकिल चलाकर पूरा शहर घूम सकते हैं। इधर आप फ्रेंच कैफे में बैठकर फ्रेच खाने का मजा ले सकते हैं।

**अंडमान और निकोबार**

यदि आपका बजट जबरदस्त है, तो आप अंडमान और निकोबार घूमने जा सकते हैं। यहां का नीला पानी और सफेद रेत आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। यहां आप स्कूबा डाइविंग जैसे वॉटर स्पोर्ट्स का मजा ले सकते हैं। अंडमान और निकोबार में पानी के अंदर की दुनिया देखने के लिए सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। इस मौसम में यहां का पानी एकदम साफ और शांत नजर आता है।

**गोकर्ण, कर्नाटक**

अगर आप गोवा नहीं जाना चाहते हैं, तो इस ऑफबीट जगह पर जरुर जाएं। भीड़भाड़ से दूर गोकर्ण एक छिपा हुआ खजाना है। यहां के ओम बीच और कुडल बीच बेहद ही शांत और साफ है। इसके अलावा, आप यहां पर मंदिर के दर्शन के साथ ही समुद्र की लहरों का आनंद ले सकते हैं। यहां पर आप डूबते हुए सूरज देखने का नजारा का आनंद ले सकते हैं।

**केरल**

केरल को 'God's Own Country' कहा जाता है। यहां की हरियाली और बैकवाटर्स सर्दियों में और भी खूबसूरत हो जाते हैं। यहां पर आप मुन्नार के चाय बागनों में घूम सकते हैं या अल्लेप्पी में हाउसबोट पर रहकर पानी के बीच सुकून के पल बिता सकते हैं। यहां पर आपको नॉर्मल मौसम मिलेगा, क्योंकि यहां ठंड नहीं पड़ती, बल्कि हल्की-मीठी सी ठंडक होती है, जो काफी सुकून पहुंचाती है।


कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762






बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170